# शादी से मना करने पर युवती के चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंका

## 10 प्रतिशत झुलसी युवती को जे.एल.एन. अस्पताल में भर्ती कराया

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र के आशागंज में रहने वाली एक युवती पर घर में घुसकर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने का मामला सामने आया है। घटना में युवती 10 प्रतिशत झुलस गई। युवती को जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। एक युवक जो कि युवती पर शादी के लिए बार-बार दबाव बना रहा था। युवती के शादी से मना करने पर चेहरे पर केमिकल फेंक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जेएलएन अस्पताल पहुंच कर पीड़ित युवती के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दोनों की बातचीत सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार रामगंज थाना क्षेत्र के आशा गंज में बुधवार सुबह नौ बजे एक युवती पर युवक ने तेजाबनुमा ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। घटना के बाद परिजन युवती को जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे। युवती 10 प्रतिशत तक झुलसी है, वहीं परिवार का दावा है कि पड़ोसी युवक तेजाब साथ में लाया था, हालांकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता की मां किरण देवी ने बताया कि वह सफाई कर्मचारी है और बुधवार सुबह ड्यूटी पर गई हुई थी।

परिवार के अन्य सदस्य घर में शादी होने के कारण गणेश मंदिर गए हुए थे। घर में सास और बेटी ही घर में अकेले थे। बेटी घर की सफाई कर रही थी कि तभी पड़ोस में रहने वाला एक युवक (आशीष राजोरिया) पीछे के दरवाजे से घर में घुसा और बेटी के मुंह पर ज्वलनशील केमिकल की बोतल फेंक दी। मुंह पर केमिकल गिरते ही चिल्लाने लगी तो आरोपी वहां से भाग गया और बोतल घर के बाहर नाले में फेंक दी। परिजन ने इसकी सूचना रामगंज थाना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही रामगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुआयना किया। मौके पर पुलिस को फर्श और दीवारों पर केमिकल मिला है। वहीं पिता सुरेश घारू की ओर से आरोपी आशीष राजोरिया के खिलाफ थाने में शिकायत देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।

**शादी के लिए बना रहा था दबाव :-** जेएलएन अस्पताल में भर्ती पीड़ित युवती ने बताया कि वह एमए कर चुकी है और वर्तमान में बीएड की पढ़ाई कर रही है। साथ ही यूपीएससी की भी तैयारी कर रही है। पुलिस को दिए बयान में युवती ने बताया कि युवक पड़ोस में रहता है। आरोपी आशीष उसे एक साल से परेशान कर रहा था। वह लगातार उससे शादी करने का दबाव बना रहा था, जब उसे शादी के लिए इंकार कर दिया तो धमकी देने लगा और बुधवार को घर में घुसा उसके चेहरे पर केमिकल फेंक दिया।

**सोशल मीडिया से हुई थी बातचीत, पुलिस ने लिए पीड़िता के बयान :-** सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी सिटी महमूद खान, सीओ रामचंद्र चौधरी भी जेएलएन अस्पताल की बर्न यूनिट वार्ड में पहुंचे और पीड़िता से घटना जानकारी लेते हुए पूछताछ की।

एएसपी खान ने कहा कि घटना संगीन है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक और युवती की सोशल मीडिया पर ही बातचीत शुरू हुई थी। करीब एक साल से वह पीड़िता को शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाथरूम साफ करने वाला केमिकल फेंका गया था, हालांकि पुलिस इसकी फोरेंसिक लेब जांच करवा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा।



अजमेर के जे.एल.एन. अस्पताल में भर्ती युवती से पुलिस अधिकारियों ने पूछताछ की।

- पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों की बातचीत सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी
- युवती 10 प्रतिशत तक झुलसी है, परिवार का दावा है कि पड़ोसी युवक तेजाब साथ लाया था

# दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

## रेप पीड़िता ने रावसतर से जयपुर तक पैदल न्याय यात्रा निकालने की चेतावनी दी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। निलंबित क्षेत्रीय वन अधिकारी के खिलाफ रावतसर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाने वाली रेप पीड़िता ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर रावसतर से जयपुर तक पैदल न्याय यात्रा निकालने की चेतावनी दी है। पीड़िता ने डीवाईएफआई के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुलिस प्रशासन को 17 दिसम्बर तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि इस दिन तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो वह 18 दिसम्बर को हरी खेजड़ी का पौधा अपने साथ लेकर जयपुर मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए पैदल रवाना होगी। रेप पीड़िता ने जिला कलेक्टर के जरिए मुख्यमंत्री कार्यालय को इस संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया।

युवती ने चेतावनी दी कि अगर नामजद आरोपी रणवीर मील की 17 दिसम्बर तक गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह न्याय प्राप्ति के लिए रावतसर उपखण्ड से 18 दिसम्बर की सुबह 11.15 बजे हरी खेजड़ी का पौधा लेकर जयपुर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए पैदल रवाना होगी। इस न्याय यात्रा का सारा खर्चा वह स्वयं वहन करेगी। रात्रि विश्राम और खाना आदि की व्यवस्था भी वह स्वयं करेगी। पीड़िता की ओर से सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि उसकी प्रस्तावित न्याय यात्रा को रोकने का आरोपी पक्ष की ओर से प्रयास किया जाएगा। इसलिए न्याय यात्रा में पूर्ण सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से पुलिस एवं स्वास्थ्य के लिए चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए जाएं। पीड़िता ने कहा कि वह केवल हरी खेजड़ी का पौधा साथ लेकर चलेगी। अगर आमजन इस न्याय यात्रा में शामिल होना चाहता है तो हो सकता है।

पीड़िता की ओर से मांग पत्र की प्रतिलिपि राज्यपाल, पुलिस महानिदेशक राजस्थान पुलिस जयपुर, पुलिस महानिदेशक (विजिलेंस) पीएचक्यू जयपुर, पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक को भी प्रेषित की गई है। इस मौके पर डीवाईएफआई प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन लोहरा, लालचंद देवरथ, एडवोकेट विनोद कुमार, संदीप कुमार, सुरेंद्र, प्रहलाद, पुरुषोत्तम, मुकेश, अर्जुन, बंशीधर, सनी बसंत, राजकुमार गोदारा, साहब राम फौजी, सुरेंद्र आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

रावतसर थाना क्षेत्र की युवती ने आरोप लगाया कि निलंबित क्षेत्रीय वन अधिकारी रणवीर सिंह मील ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। इस संबंध में उसने 21 नवम्बर को रावतसर पुलिस थाना में आरोपी के खिलाफ रेप करने का मामला दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि आरोपी रणवीर मील की ओर से उसे बार-बार आर्थिक प्रलोभन देकर सामाजिक दबाव बनाकर राजीनामा करने का प्रयास किया जा रहा है।

- निलंबित क्षेत्रीय वन अधिकारी के खिलाफ थाना में मुकदमा दर्ज करवाया था

## सर्दी का सितम जारी

**बूंदी,** (निसं)। जिलेभर में सर्दी का सितम जारी है। सर्द हवाओं के चलते गलन ज्यादा बढ़ गई, लोग सर्दी से बचने के जतन करते नजर आ रहे हैं। शीतलहर का प्रकोप जारी है। शहर में एक ही दिन में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। पिछले 2 दिनों से लगातार तापमान कम होने से सर्दी का कहर बढ़ता ही जा रहा है। ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपा रही थी। इधर लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचते नजर आए। सर्दी का कहर इतना है कि अल सुबह बागों में फूल पत्तियों पर कोहरे की बूंदे जमी नजर आ रही है तो यह स्थिति लोगों के साथ भी हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तथा अधिकतम 25 डिग्री दर्ज किया गया, दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान में निरंतर गिरावट होने की संभावना जताई गई, इस दौरान कोहरा भी छाया रहेगा। 16 दिसंबर के बाद में वृद्धि होने की संभावना हैं। ठंड बढ़ने से सभी फसलों को अच्छा लाभ होगा।

# धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के सदर बाजार पुलिस ने धोखाधड़ी के एक प्रकरण में आरोपी को गुजरात के डीसा इलाके से गिरफ्तार किया है। उससे अब पूछताछ चल रही है। वह साल भर से फरार चल रहा था। खुद का फर्जी नाम बताकर उसने एक ज्वैलर से ठगी की थी।

सदर बाजार पुलिस थाने में गत वर्ष अक्टूबर में सुषमा ज्वैलर्स के निमाईदास पुत्र पंचानंद वैष्णव की तरफ से केस दर्ज करवाया गया था। इसमें बताया कि उसके पास में किसी शख्स चिराग सोनी ने फोन कर सोने के दस पेडेंट पसंद कर वाट्सअप पर 515555 रूपए चेक भेजा था। बाद में वह दुकान पर आया और चेक की रशीद के साथ दस सोने के पेडेंट लेकर चला गया। दो दिन बाद बैंक से फोन आया कि जो चेक लगाया गया है वह खाते से स्टाप कर दिया गया है।

इस पर चिराग सोनी नाम के शख्स के खिलाफ धोखाधड़ीपूर्वक दस सोने के पेडेंट हड़पकर ले जाने का केस दर्ज करवाया गया। एएसआई कालूसिंह ने मामले की जांच करते हुए अब आरोपी गुजरात के डीसा हाल गैर का चौक घांचियों का बास कबूतरों का चौक निवासी उमेश कुमार सोनी पुत्र कैलाश चंद सोनी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है।

- शातिर को गुजरात के डीसा से पकड़कर लाई पुलिस, दस सोने के पेडेंट लेकर गया था
- साल भर पहले पांच लाख के सोने के पेडेंट लेकर भुगतान किया, चेक को स्टॉप करवाया

# चोरों ने मंदिर से दानपेटी तोड़कर दान राशि चुराई

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। शहर के बिजली विभाग कनिष्ठ अभियंता व डीएसपी आवास व कार्यालय के समीप स्थित मंदिर से अज्ञात चोर मंगलवार रात को दान पेटी तोड़कर नकदी चुराकर ले गए। घटना की जानकारी बुधवार सुबह पूजन के लिए मन्दिर पहुंची महिलाओं को लगी। जिसके बाद मंदिर में रख रखाव का कार्य देख रहे श्रद्धालु प्रदीप कालरा भी मन्दिर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली थाने से पुलिस जाप्ता भी पहुंचा।

श्रद्धालु प्रदीप कालरा ने बताया इस हनुमान मंदिर में चोरी की 2 साल में तीसरी वारदात है। पूर्व में हुई चोरी में दानपेटी से करीब 10500 रुपए की चोरी हुई थी। उन्होंने बताया कि दान पेटी में इस बार करीब 1500 से 2 हजार रुपए रखे हुए थे।

जिन्हें चोर चुराकर ले गए। श्रद्धालु के अनुसार सुबह 7 बजे एक महिला का फोन आया। महिला द्वारा मन्दिर में चोरी होने की जानकारी मिली, तो वह मौके पर पहुंच गए। जिसमें दान पेटी पर लगा हुआ ताला टूटा मिला। इसी के साथ नगदी निकालने के लिए काम मे लिए गए पेचकश एक औजार भी बरामद हुआ है। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस जाप्ते ने मौके पर गहनता से जांच भी की।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**करौली,** (निसं)। करौली के निकटवर्ती रघुवंशी हाथीपुरा गांव के तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। शव को सिविल डिफेंस कि टीम ने 3 घंटे रेस्क्यू कर पानी से बाहर निकाला। करौली सिविल डिफेंस टीम के इंचार्ज छत्रपाल ने बताया कि निकटवर्ती रघुवंशी हाथीपुरा गांव के तालाब में एक 35 वर्षीय युवक रामकेश प्रजापत की पानी में डूबने के कारण मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पानी में डूबे युवक की सूचना करौली जिला प्रशासन को मिली जहां से हमारी टीम को रवाना किया गया इस दौरान करीब 3 घंटे पानी में रेस्क्यू कर शव को पानी से बाहर निकाल कर करौली अस्पताल कि मोर्चरी में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर शव परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया।

# लारेंस का गुर्गा बनकर पांच लाख की रंगदारी मांगी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के भीतरी क्षेत्र घोड़ों का चौक में एक ज्वैलर को लारेंस का गुर्गा बनकर पांच लाख की रंगदारी मांगे जाने का प्रकरण दर्ज हुआ है। बदमाश ने वाट्सअप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी है। संभवत: इंटरनेट कालिंग की गई है। पुलिस अब वाट्सअप पर आए नंबरों से पता लगाने का प्रयास कर रही है। आरोपी को पकड़ने के लिए आईटी सैल की मदद ली जा रही है।

सदर बाजार पुलिस ने बताया कि घोड़ों का चौक दुधेश्वर मंदिर के पास सुर्दशन ज्वैलर्स के नाम से सोने चांदी का व्यापार करने वाले ओमप्रकाश सोनी ने मामला दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि 12 दिसंबर को उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का वाट्सअप कॉल आया और फोन करने वाले ने खुद को लारेंस गैंग का गुर्गा बताते हुए पांच लाख रूपये की फिरौती की मांग की। वाट्सअप कॉल करने वाले बदमाश ने पांच लाख रूपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकियां देने की भी दी है। सदर बाजार पुलिस अब नंबरों के आधार पर बदमाश का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

- बदमाश ने वाट्सअप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी है

# महिला की हत्या की वारदात का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। महिला की हत्या कर बोरे में बांध कर लाश को फेंकने की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 9 दिसंबर को भूपेन्द्र कुमार पुत्र माणकचन्द्र जैन निवासी लक्ष्मीनारायण नगर सवीना वाटिका के पास सविना ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा रेती का गोदाम सूर्यानगर तितरडी आरएसजी कॉम्पलेक्स के पास है। सवेरे गोदाम पर पहुंचा तो सामने रोड़ किनारे काली कम्बल में लिपटी महिला की बोरे में लाश पड़ी दिखी। इस मामले में सविना थानाधिकारी फूलचंद मीणा मय टीम ने अज्ञात मृतका को मोर्चरी में रखवा कर उसकी 11 दिसंबर को उसकी शिनाख्त सुमन पत्नी रामसेवक परमार (34) पर्रावन गांव मेहगांव भीण्ड एमपी हॉल आदर्श कॉलेनी आरके चौराहा भुवाणा के रूप में शिनाख्त कर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव उसके पति को सौंप प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले में जिला पुलिस अधीक्षक भुवनभूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादारवाल, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी फूलचंद मय टीम ने मृतका के परिजनों से की गई पूछताछ एवं मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर सुमन की हत्या का खुलासा करते हुए मामले में आरोपी सुनील जाटव पुत्र महेन्द्रसिंह जाटव निवासी देहगांव थाना मोह भिण्ड एमपी हॉल विनायक पेट्रोलपंप के पास मनवा खेड़ा सेक्टर 6 हिरणमगरी हाल सूर्यानगर तितरड़ी सविना, योगेन्द्र सिंह पुत्र बाबूलाल जाटव निवासी देहगांव थाना मोह भीड एमपी हाल विनायक पेंट पेट्रोल पंप के पास मनवाखेड़ा सेक्टर 6 हिरणमगरी हाल सूर्यानगर तितरड़ी सवीना तथा नाहर सिंह पुत्र महेन्द्रसिंह जाटव निवासी देहगांव थाना मोह भींड एमपी हाल बेडवास प्रतापनगर को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि तीन चार वर्ष से सुमन परमार अपने परिवार से अलग रहते हुए शहर के उदियापोल एवं बस स्टेण्ड क्षेत्र में रहते हुए मजदूरी करती थी। 6 दिसंबर को सुनिल सूरजपोल से सुमन को बाइक पर बैठा सूर्या नगर तितरड़ी स्थित मकान पर ले गया। जहां सुनिल व योगेश व नाहरसिंह ने साथ में शराब पी। इस दौरान कहासुनी होने पर दोनों ने मारपीट की जिससे सुमन की मौत हो गई। पकड़े जाने के भय से दो-दिन तक शव अपने मकान पर ही रखा। उसके बाद साथी नाहर सिंह को सुनिल जाटव का बडा भाई ने मिल कर शव को प्लास्टिक की रस्सी से बांध कर बोरे में बंद कर 8 दिसंबर रात में बाइक पर लाश मौके पर छोड़ कर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

- महिला की हत्या कर बोरे में बांध कर लाश को फेंक दिया था
- पकड़े जाने के भय से दो-दिन तक शव अपने मकान पर ही रखा था

# विधायक भाटी जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय पहुंचे

## विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया

**जोधपुर,** (कासं)। चुनावों में सबसे ज्यादा चर्चा में रहे शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने अपने शिक्षकों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कि विधायक बनने के बाद रविंद्र सिंह पहली बार जोधपुर की जेएनवी यूनिवर्सिटी पहुंचे हैं। इसी यूनिवर्सिटी से रविंद्र ने निर्दलीय के तौर पर छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था। पहली बार 57 सालों के इतिहास में यूनिवर्सिटी से कोई निर्दलीय छात्रसंघ अध्यक्ष बना था।

जानकारी के अनुसार इस बार के चुनाव से ऐन पहले रविंद्र बीजेपी में शामिल हो गए थे, लेकिन बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर बगावत कर निर्दलीय के तौर पर विधानसभा चुनावों में शिव से उम्मीदवारी की।

इस चुनाव में 26 साल के इस युवा ने शिव के कद्दावर नेता अमीन खान, फतेह खान को 3 हजार 950 वोटों के अंतर से हराया था। निर्दलीय के तौर उनके चुनाव लड़ने के चलते यह हॉट सीट बन गई थी। रविंद्र ने एमडीएम हॉस्पिटल पहुंचकर अपने विधानसभा क्षेत्र के एडमिट मरीजों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उनके साथ युवा छात्र नेता भी मौजूद रहे।

## यू.आई.टी. के दो बाबू सस्पेंड

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एवं यूआईटी प्रशासक आशीष मोदी ने नगर विकास न्यास के दो कर्मचारियों श्यामलाल प्रजापत व कुश काबरा को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। दोनों बाबूओं ने अपने काम में लापरवाही बरती। गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल में विभिन्न संस्थाओं को रियायती दर पर भूखंड आवंटित किए थे। इनके आवंटन पत्र जारी करने में यूआईटी की मानचित्र शाखा के बाबू श्यामलाल प्रजापत ने लापरवाही बरती। इसकी शिकायतें कलेक्टर व सेक्रेट्री तक पहुंची। इसी तरह आवास शाखा के बाबू कुश काबरा ने कोर्ट केसेज के कार्य में कोताही बरती। इस वजह से कोर्ट ने आदेश की अवमानना मानते हुए सेक्रेट्री की कुर्सी तथा वाहन कुर्क करने के आदेश दे दिए। कोर्ट कर्मचारी 8 दिसंबर को सेक्रेट्री की कुर्सी व वाहन कुर्क करने यूआईटी पहुंच गए थे। बाद में सेक्रेट्री ने अगली पेशी से पहले कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर कुर्की रुकी। इन लापरवाहियों को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया और सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए।

# मालपुरा में 10 करोड़ की लागत से बने सरस डेयरी प्लांट से निकल रही दुर्गंध से परेशानी

**मालपुरा,** (निसं)। जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 10 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत से मालपुरा शहर के घाटीरोड पर नवनिर्मित सरस डेयरी प्लांट से निकल रही दुर्गन्ध व अपशिष्ट पदार्थों की दुर्गन्ध से परेशान नागरिकों ने बुधवार को एसडीएम मनोज कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंप आंदोलन की चेतावनी दी है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष सुभाष गालव के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में नागरिकों ने अवगत करवाया कि विभाग द्वारा दस करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत व खर्च कर अत्याधुनिक नवीन डेयरी प्लांट का निर्माण करवाया गया था। जिसका पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्चुअल लोकार्पण कर प्लांट का शुभारम्भ तो कर दिया लेकिन दस करोड़ से अधिक की राशि खर्च होने के बावजूद प्लांट के आस-पास बसी आवासीय कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों व प्लांट के पास से गुजरने वाले नागरिकों के जीवन से आज भी खिलवाड़ हो रहा है। हाईटेक जमाने में अत्याधुनिक प्लांट से निकल रहे अपशिष्ट पदार्थ व गंदे पानी से उठ रही दुर्गन्ध से वातावरण इस कदर दूषित हो रहा है कि सांस लेना भी दूबर हो गया है। दुर्गन्ध से कॉलोनीवासी कई भयानक बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं।

नवीन प्लांट को शुरू करवाने से पूर्व राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन की निदेशक सुशमा अरोडा के निर्देश पर वित्तिय सलाहकार ललित मोरोडिया, डेयरी चेयरमैन दुर्गालाल चौधरी, एमडी सुबदीन खान, आरसीडीएफ के जीएम केएस बुडानिया, संचालक मंडल सदस्य हंसराज चौधरी ने इंजीनियर आशीष दिलावर व उनकी टीम के साथ प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की गई थी।



सरस डेयरी प्लांट से उठती दुर्गन्ध से परेशान नागरिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

आलाधिकारियों द्वारा प्लांट का निरीक्षण कर तैयार की गई रिपोर्ट में प्लांट से निकलने वाले गंदे पानी व अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए लाखों रूपयों की लागत से अति आवश्यक इकवेन्ट टीटमेन्ट प्लांट अर्थात ईटीपी प्लांट की अनदेखी कर बिना प्लांट के ही डेयरी प्लांट का शुभारम्भ कर कार्य भी शुरू कर दिया गया। प्लांट परिसर में भारी तादात में निकल रहे अपशिष्ट से उठ रही दुर्गन्ध आमजन के लिए गले की फांस बन रही है।

आखिर बिना ईटीपी प्लांट को शुरू किये बगैर ही डेयरी प्लांट को किसके कहने पर चालू किया गया। इसको लेकर नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन देने पहुंचे नागरिकों ने एसडीएम के समक्ष लिखित में ज्ञापन के जरिए प्रशासन को जल्द समस्या का समाधान नहीं होने तथा ईटीपी प्लांट शुरू कर खुले में गंदे पानी व अपशिष्ट पदार्थों की निकासी बंद नहीं किये जाने पर जनआंदोलन की चेतावनी दी है।

प्लांट प्रभारी रामअवतार शर्मा से जानकारी चाहने पर बताया कि डेयरी प्लांट परिसर में ईटीपी प्लांट निर्माण का कार्य अहमदाबाद की आत्मन सोल्यूशन एजेन्सी द्वारा करवाया जा रहा है। जो कि जल्द पूरा कर इसे प्लांट की लाइन से जोड़ दिया जायेगा। दुर्गन्ध को लेकर जिस प्रकार नागरिकों ने एसडीएम को अवगत करवाया है उस प्रकार दुर्गन्ध व गंभीर समस्या नहीं है।

वहीं सुभाष गालव व कॉलोनी वासियों ने दावा किया कि यदि कोई भी अधिकारी प्लांट पर 15 मिनट रूककर यह साबित कर दे कि यहां दुर्गन्ध नहीं है तो कॉलोनीवासी जो अधिकारी कहें वो करने को तैयार हैं।

- दुर्गन्ध से कॉलोनीवासी कई भयानक बीमारियों से ग्रसित होने लगे

## बिना अनुमति के हरे पेड़ काटे

**मांगरोल,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जलोदा में आने वाला गांव केक खेड़ी में तालाब के किनारे हरे-भरे बड़े पेड़ों को गांव के कुछ लोगों ने बिना अनुमति लिए कुल्हाड़ी चला कर काट दिया। इसकी जानकारी ग्राम पंचायत समिति के सरपंच घनश्याम गाजोरिया से पूछने पर कहां बिना अनुमति के यह कार्य किया है। उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। यहां तक कि ग्राम सेवक के फोन लगाने पर भी उसका फोन रिसीव नहीं हो पाया। समाजसेवी राम अवतार मीणा ने कार्रवाई की मांग की।

TO BE RELATED ON 14 DEC 2023
राजस्थान कायमखानी महासभा
(पंजीयन क्र. 316/77-80)
आम सूचना
कायमखानी समाज की राजस्थान कायमखानी महासभा के सन् 2020 के पहले बने आजीवन व संरक्षक सदस्यों को सुचित किया जाता है कि दिनांक 30 दिसम्बर 23 को 1:15 pm बजे ददरेवा (चूरू) में AGM मीटिंग होगी। मीटिंग में केवल सन् 2020 से पहले के सभी आजीवन व संरक्षक सदस्य मीटिंग में पहुचने की मेहरबानी करें। मीटिंग में 2020-21 में बनाये गये सदस्यों का अनुमोदन व बहुमत के आधार पर कुछ संविधान संसोधन भी प्रस्तावित है।
(रि.) ले. कर्नल शौकत अली खां (संयोजक) अमजद खां कसनाउ (कार्यवाहक अध्यक्ष)

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि., जालोर
प्रधान कार्यालय : हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001
Email: headoffice@jalorebank.com Phone No. 9461440881
क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/6990 ॥ निविदा सूचना ॥ दिनांक 12.12.2023
बैंक के प्रचार-प्रसार हेतु चांदी के सिक्के (बैंक का मोनोग्राम एवं लक्ष्मीजी-गणेशजी-सरस्वतीजी की फोटो सहित) प्लास्टिक की डिब्बी एवं पाउच सहित मुद्रण करवाने हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो /कम्पनियों (GST Firm) से निविदा आमंत्रित की जाती है। अत: इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो/कम्पनियों (GST Firm) अपनी निविदा मय विवरण सील बंद लिफाफे में दिनांक 16.12.2023 शनिवार सायं 4.00 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। शर्तें एवं सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com का अवलोकन करें।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. बैंक

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, सआदत चिकित्सालय टोंक
Email ID: pmo-ton_rj@nic.in, Govt.District Saadat Hospital Tonk, Ph.: 01432244160 & 244037
क्रमांक-स्टोर/2023-24/562 निविदा सूचना दिनांक-07.12.2023
सआदत चिकित्सालय एवं एम.सी.एच.टोंक में NIB No. MHS2324A2827 के क्र.सं.1 से 2 तक के लिये औषधियां आपूर्ति, लैब रियजेन्ट एवं एक्स-रै आपूर्ति अधिकृत फर्मो से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in या www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
1. MHS2324GLOB04334 2. MHS2324GLOB04335
(डॉ.बी.एल.मीणा)
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
सआदत चिकित्सालय टोंक
DIPR/C/15791/2023